# प्रदर्शन को लेकर डिप्टी सीएम का घर पुलिस छावनी बना

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फिर से उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने बल पूर्वक आगे बढ़ने से रोका

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 सितम्बर. यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए डिप्टी सीएम के आवास के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है.**

सुबह से ही सुरक्षा के साथ पुलिस बल तैनात रहा साथ ही सभी मार्ग को बंद किया गया बैरिकेड्स लगा कर ताकि सुरक्षा में किसी तरह की चूक ना हो. इसी के साथ आवास के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड जुटी रही. हालांकि यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता वहा तक नही पहुंच पाये. अमहिया मोड़ के पास से ही पुलिस ने बैरीकेट्स लगा दिये थे और भारी पुलिसबल तैनात रहा. उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली और अस्पताल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत को लेकर यूथ कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में उग्र विरोध प्रदर्शन किया. सूबे के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के निवास का घेराव करने निकले आक्रोशित यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा, जिसके बाद पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया. दरअसल यूथ कांग्रेस का यह आंदोलन मुख्य रूप से रीवा के संजय गांधी अस्पताल में कथित लापरवाही के कारण हुई जच्चा-बच्चा की मौत और प्रदेश की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के खिलाफ है. कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं और संबंधित डॉक्टरों पर सख्त एफआईआर दर्ज करने पर अड़े हैं. बता दे की इससे पहले भी युवा कांग्रेस द्वारा स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव किया जा चुका है. उस दौरान हुए हंगामे के बाद पुलिस ने आधा दर्जन नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी.





### आंदोलन थमेगा नहीं

फिलहाल स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हालिया दिनों में स्वास्थ्य व्यवस्था के मुद्दे पर रीवा में स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ देखा गया यह अब तक का सबसे तीव्र और बड़ा विरोध प्रदर्शन है. यूथ कांग्रेस के इस उग्र कदम के बाद क्षेत्र में सियासी पारा पूरी तरह गरमा गया है. विपक्ष ने साफ कर दिया है कि जब तक जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं होता, उनका यह आंदोलन थमेगा नहीं.

# सद्गुरु सेवा ट्रस्ट ने बाढ़ प्रभावित 250 छात्रों की 3 माह की माफ की फीस

## ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज



**सतना, 8 सितंबर. जिले के चित्रकूट मंदाकिनी नदी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित चित्रकूट वासियों की मदद के लिए श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट लगातार राहत कार्यों में जुटा हुआ है. अ३ापदा के इस संकट में ट्रस्ट ने विद्यार्थियों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए बाढ़ प्रभावित बच्चों की तीन महीने की फीस माफ करने का संवेदनशील निर्णय लिया है जिसकी समूचे क्षेत्र में सराहना हो रही है.**

ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं निदेशक डॉ. इलेश जैन ने बताया कि बाढ़ के चलते कई परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. ऐसे समय में विद्यार्थियों की शिक्षा निरंतर बनाए रखने के लिए सद्गुरु पब्लिक स्कूल और विद्याधाम स्कूल के लगभग 250 प्रभावित छात्रों की सितंबर, अक्टूबर और नवंबर माह की फीस माफ की गई है. उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी और जरूरतमंद छात्रों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा. डॉ. जैन ने बताया कि पूज्य संत रणछोड़दास जी महाराज की प्रेरणा से ट्रस्ट सदैव आपदा पीड़ितों की सेवा में तत्पर रहता है. बाढ़ त्रासदी की खबर मिलते ही ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल ने सभी ट्रस्टियों से विमर्श कर पीड़ितों की मदद के लिए 51 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है. ट्रस्ट की टीमें पिछले 10-11 दिनों से प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत कार्य चला रही हैं.

# उपचार व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए लगातार किए जा रहे हैं प्रयास

## डिप्टी कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय और संजय गांधी हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 सितम्बर, रोगियों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा संजय गांधी हॉस्पिटल जिला चिकित्सालय तथा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निरीक्षण के लिए राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है.**



इन अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करके उपचार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है. इस क्रम में डिप्टी कलेक्टर जितेंद्र तिवारी ने जिला चिकित्सालय तथा शासकीय संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि दोनों अस्पतालों में साफ सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है. पुराने बेडशीट बदले गए हैं. वार्डों का भ्रमण करके भर्ती मरीजों तथा उनके परिजन से अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया है. मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉक्टर मनोज इंदुरकर और संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर प्रियंक शर्मा व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं. संजय गांधी अस्पताल के वार्ड में आज परिजनों की भीड़ भाड़ कम रही. एक रोगी के साथ केवल एक ही परिजन को रहने की अनुमति दी गई है. सुरक्षाकर्मी वार्डों में मुस्तैद रहकर इस व्यवस्था को लागू करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं . अस्पताल के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई नियमित कराई जा रही है. सभी वार्डों में डॉक्टर के ड्यूटी चार्ट लगाए गए हैं. सभी वार्डों में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगा दिए गए हैं. सीनियर डॉक्टर्स द्वारा वार्डों में भ्रमण के संबंध में भी जानकारी ली गई.

### अस्पताल में फिर बवाल, दोबारा होगा पोस्टमार्टम

सतना जिले में करीब एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में घायल हुई महिला को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया था. जहां उपचार में चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आई है. परिजनों का आरोप है कि घायल महिला अर्चना गुप्ता निवासी सतना को चिकित्सकों ने वेंटिलेटर पर बीते 5 दिनों से रखा था और उसके नाक सहित मुंह से कीड़े निकालने लगे थे. इस दौरान चिकित्सकों ने महिला को देखना तक उचित नहीं समझा जिसके चलते उसकी मौत हो गई है. उपचार के दौरान महिला की मौत के बाद चिकित्सकों ने उसके शव का पीएम कर दिया था जिसके बाद परिजन देर रात तक पोस्टमार्टम हाउस के बाहर धरने पर बैठे रहे और प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. परिजनों के विरोध के बीच कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार अस्पताल पहुंचे और तीन डाक्टरों की टीम बनाकर फिर से दोबारा पीएम कराया जा रहा है. बतादें की संजय गांधी चिकित्सालय इन दिनों विवादों का केंद्र बना हुआ है इसके बावजूद भी यहां के व्यवस्था में सुधार नही हो रहा है.

# ट्रेन की चपेट में आए दो की मौत, एक घायल

## रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा

नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 8 सितंबर। जिले के बरगवां थाना अंतर्गत कसर क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 9 बजे रेलवे ट्रैक पार करते समय तीन लोग ट्रेन की चपेट में आ गए।**



दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। घायल को डायल-112 की मदद से उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वैढ़न भेजा गया है। वहीं कोतवाली बैगन के समिति बिलौंजी तेलियां में एक बाइक सवार युवा के के भी अज्ञात वाहन के टक्कर से उपचार के दौरान बैढ़न जिला चिकित्सालय में मौत हो गई. जानकारी के अनुसार जगनारायण साहू पिता रामविचारे साहू उम्र 45 वर्ष निवासी रैला थाना माड़ा, जगदीश गुर्जर पिता उदयभान गुर्जर उम्र 60 वर्ष निवासी झकरकटिया व बन्धुलाल गुर्जर पिता जगदीश गुर्जर उम्र 31 वर्ष निवासी झकरकटिया अपनी बेटी को भवडार छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय विपरीत दिशा से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में जगनारायण साहू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल जगदीश गुर्जर ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में बन्धुलाल गुर्जर घायल हुए हैं, जिनका उपचार ट्रामा सेंटर वैढ़न में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बरगवां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। बरगवां पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और घटनाक्रम से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर प्रभारी मंत्री ने की बैठक

## एक माह तक चलने वाला अभियान 17 से शुरू होगा

नवभारत न्यूज

**सतना 08 सितम्बर.जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री सेवा संकल्प अभियान चलाया जायेगा। प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।**



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सेवा संकल्प अभियान की हर गतिविधि का सफ्लतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल सहित कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, आयुक्त नगर निगम नागार्जुन बी. गौडा, एसडीएम राहुल सिलाडिया, सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मुख्यमंत्री सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दीपक जलाकर किया जायेगा। इसी प्रकार पूरे जिले में स्कूल और कॉलेजों में 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर के बीच ड्राइंग तथा भाषण की प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। इस दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं से आये बदलाव की कहानी और संगीतमय नाट्मय प्रस्तुतियां भी गांव-गांव आयोजित की जायेगी। 25 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक स्थानीय आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों के साथ उनकी माताओं को बुलाकर आंगन का उत्सव मनाया जायेगा। इसमें बच्चों और महिलाओं को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में जागरूक किया जायेगा। प्रत्येक जिले में सरकार की योजनाओं से नागरिकों और क्षेत्रों में आये सकारात्मक के संबंध में प्रेरणादायी वास्तविक कहानियों को भी सामने लाया जायेगा। अभियान की अवधि में सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार के तहत शिविर आयोजित किये जायेंगे। अभियान के दौरान 2 अक्टूबर को सभी कार्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई का अभियान तथा 7 अक्टूबर को साइबर सुरक्षा से जुडे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रभारी मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर गतिविधियों को संपादित करने और अभियान का तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित कर सभी जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने ली तैयारियों की जानकारी

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि अभियान के सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफ्ल संचालन के लिए ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और नगरीय क्षेत्रों के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार विभागों से संबंधित गतिविधियों के लिए विभाग प्रमुख अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# पंचायतों में वित्तीय अनियमितता पर जिला पंचायत का शिकंजा

नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 8 सितंबर। ग्राम पंचायतों में शासकीय राशि के उपयोग में सामने आई अनियमितताओं को जिला पंचायत प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।**

जांच प्रतिवेदनों के आधार पर ग्राम पंचायत खुटार और खटाई से जुड़े मामलों में जिम्मेदार पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के तहत कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिंगरौली द्वारा 8 सितंबर को की गई।

ग्राम खुटार निवासी लक्ष्मी नारायण पिता गोरेलाल की शिकायत में 43 बिंदुओं पर जांच के लिए गठित संयुक्त जांच दल ने 11 जून 2026 को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जांच में ग्राम पंचायत खुटार के विभिन्न निर्माण कार्यों में कुल 20,82,368 रुपये की अनियमितता प्रतिवेदित हुई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सरपंच सरिता पनिका के विरुद्ध धारा 40 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह का दु:खद निधन

**सिंगरौली 8 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य अशोक सिंह चंदेल बड़रम का आज दिल का दौरा पड़ने से दुखद निधन हो गया। 58 वर्षीय भाजपा नेता काफी दिनों से सुगर बीमारी से पीड़ित थे। अशोक सिंह चंदेल के दुखद निधन पर पूर्व विधायक अमर सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता गुरू शीतला धर द्विवेदी, दुर्गा सिंह बैस, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेन्द्र धर द्विवेदी, जनपद सदस्य देवी प्रसाद बैस, भाजपा नेता महेश प्रसाद वर्मा, गिरिजा प्रसाद केवट समेत अन्य भाजपाइयों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।



# सेही के शिकार के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 सितम्बर. मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संजय टाइगर रिजर्व की ब्यौहारी बफर रेंज की टीम ने 7 सितंबर 2026 को कोठार ग्राम में छापामार कार्रवाई करते हुए सेही के शिकार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

रेंजर अर्पित मैंराल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान कमलेश बैगा, राजेश बैगा और रामसिया बैगा को सेही के लगभग 6.5 किलोग्राम कच्चे मांस एवं 300 ग्राम कांटों के साथ पक?ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि उन्होंने 7 सितंबर को सुबह लगभग 7 बजे बीट मझोली के कक्ष क्रमांक च्छ्-1328 में कुत्तों की मदद से सेही को घेरकर कुल्हा?ी से हमला कर उसका शिकार किया था। इसके बाद मांस को खाने के उद्देश्य से गांव की झा?ियों में छिपाकर रखा गया था। वन विभाग की टीम द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

तीनों आरोपियों को 8 सितंबर 2026 को न्यायालय मझौली के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वन विभाग द्वारा वन्यजीवों के अवैध शिकार एवं वन्यजीव अपराधों पर लगातार निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# 9 मोटर साइकिलें कुर्क, 147 बैंक खाते फ्रीज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 सितम्बर। बारिश थमते ही विद्युत विभाग का राजस्व अमला बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई में जुट गया है।**

बकाया विद्युत राशि की वसूली के लिए पूर्व में जारी फॉर्म-बी, फॉर्म-सी के आधार पर चितरंगी विद्युत वितरण केंद्र क्षेत्र में अलग-अलग उपभोक्ताओं के परिसरों से 9 मोटरसाइकिलें कुर्क की गई। कार्रवाई के दौरान चार उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर दी। विभागीय कार्रवाई में गजराबहरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद साहू की 23,667 रुपये की बकाया राशि के मामले में बाइक जप्त की गई। इसी तरह जग्यलाल रावत पर 26,623 रुपये बकाया होने पर मोटरसाइकिल कुर्क की गई। घोघरा निवासी श्रीकांत बैस की 30,225 रुपये की बकाया राशि के चलते बाइक जप्त की गई। विभाग द्वारा अन्य बकायादारों के विरुद्ध भी इसी क्रम में कुर्की की कार्रवाई की गई है। वहीं बकाया वसूली अभियान के तहत 1 सितंबर 2026 से अब तक कुल 147 बैंक खातों को फ्रीज करवाया जा चुका है। विभाग का कहना है कि सितंबर माह में बकायादारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और भुगतान नहीं करने वालों पर नियमानुसार कुर्की, बैंक खाता फ्रीज सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**लोक अदालत का आयोजन 12 को** -एमपीईबी सिंगरौली के अधीक्षण अभियंता अजीत सिंह बघेल ने उपभोक्ताओं से लंबित बिलों का तत्काल भुगतान कर कार्रवाई से बचने की अपील की है। साथ ही 12 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अपने लंबित प्रकरणों एवं बकाया राशि का निराकरण कराने का आग्रह किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि विद्युत बिल का समय पर भुगतान उपभोक्ता की जिम्मेदारी है और बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


## पश्चिम मध्य रेल

क्र.जबल/वा-477/को./एस.टी.बी.ए./6/26 दिनांक-02.09.2026
अधिसूचना क्र. 06/2026 दिनांक :-02.09.2026 अंतिम तिथि-24.09.2026
वाणिज्य शाखा, जबलपुर

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के लिए एवं उनकी ओर से जबलपुर मंडल के क्षेत्राधिकार में NSG-5-6 श्रेणी के कुल 10 स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट" (STBA) नियुक्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है।

| विवरण | आवेदन पत्र का मूल्य | आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि/समय | आवेदन पत्र पेटी खुलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| जबलपुर मंडल NSG - 5 & 6 श्रेणी के कुल 10 स्टेशनों पर STBA की नियुक्ति हेतु | आवेदन फार्म का मूल्य रु.1180/- ("STBA आवेदन शुल्क के मद में) | रेलवे की वेबसाईट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | 24.09.2026 को 15.00 बजे तक | 24.09.2026 को 15:30 बजे |

NSG-5 & 6 श्रेणी के कुल 10 स्टेशनों का विवरण जिनमें प्रत्येक स्टेशन में एक काउंटर के लिए "स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेंट" (STBA) नियुक्त किया जाना है निम्न प्रकार से है-

| SN | Name of Station | Stn Code | Catg. | SN | Name of Station | Stn Code | Catg. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BARGAWAN | BRGW | NSG-5 | 7 | KAIMA | KMA | NSG-6 |
| 2 | KHURAI | KYE | NSG-5 | 8 | KHUTAHA | KTHA | NSG-6 |
| 3 | SARIGRAM | SGAM | NSG-5 | 9 | MEHROI | MFQ | NSG-6 |
| 4 | SIHORA ROAD | SHR | NSG-5 | 10 | VIJAYSOTA | VST | NSG-6 |
| 5 | SHRIDHAM | SRID | NSG-5 | | .................. | .......... | .......... |
| 6 | JOBA | JOBA | NSG-6 | | .................. | .......... | .......... |

**नोट**- उक्त सभी स्टेशनों में रेल प्रशासन द्वारा तय किए गए समय के लिए STBA की नियुक्ति की जाएगी। चुने गये "स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेंट" (STBA) स्टेशन पर यात्रियों को सभी प्रकार के गैर रियायती अनारक्षित यात्रा टिकिट (UTS) जारी कर सकेंगे तथा स्टेशन मास्टर के अनुमोदन के पश्चात रियायती अनारक्षित टिकिट भी जारी कर सकेंगे। इस योजना से सम्बंधित पूर्ण विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप, योग्यता एवं शर्ते पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र की कीमत रु. 1180/- जो कि "STBA आवेदन शुल्क के मद में" किसी भी स्टेशन से MR(Money Receipt) के माध्यम से जमा करना है। NSG-5 श्रेणी के लिए ₹5000/- & NSG-6 श्रेणी के लिए ₹ 2000/- होगी, जोकि "वरि. मंडल वित्त प्रबंधक जबलपुर, पश्चिम मध्य रेल or Sr. DFM JBP, WCR के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी केवल TDR/FDR (बैंक द्वारा स्टाम्प और हस्ताक्षरित होना चाहिए एवं जिसकी अवधि कम से कम छः माह होनी चाहिए) के रूप में स्वीकार किये जायेंगे। उक्त बयाना राशि किसी अन्य माध्यम से जमा करने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र भरकर सील बंद लिफाफे में वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के कार्यालय में रखे बॉक्स में निर्धारित तिथि 24.09.2026 को जमा करना होगा। **1. नोट**- डाक द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।, **2.** दिनांक 24.09.2026 को 15.00 के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।, **3.** बिना शुल्क, निर्धारित शुल्क से कम शुल्क अथवा गलत नाम से बना हुआ TDR/FDR के साथ जमा किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (हस्ता.)

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# हर्रहवा के ग्रामीणों का दूसरे दिन भी जल सत्याग्रह जारी

## ग्रामीणों का मिला समर्थन, बातचीत बेनतीजा, कंपनी एवं अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 सितम्बर। विस्थापित परिवार संघ 11 सूत्रीय मांगो को लेकर आज दूसरे दिन भी जल सत्याग्रह जारी रखा। इस दौरान ग्रामीणो का भी भारी समर्थन मिला और फोटोसेशन कराने कांग्रेसी भी पहुंच गये थे। जहां कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर कांग्रेसी वापस चले आए।**



हालांकि ग्रामीणों का जल सत्याग्रह पिछले 36 घंटे से जारी है और रिलायंस कंपनी एवं प्रशासन का मान-मुन्नौवल काम नही आया। दरअसल जानकारी के अनुसार विस्थापित परिवार संघ सासन रिलायंस पावर प्लांट कम्पनी के खिलाफ 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जल सत्याग्रह निश्चित कालीन जारी है। विस्थापितो की मांग है कि हर्रहवा, झांझी टोला एस डैम के चारों तरफ 1 किलोमीटर की एरिया को विस्थापन करके हटाया जाय। ग्राम पंचायत हर्रहवा, झांझी टोला के सभी ग्राम वासियों को उनके आसपास के सभी ग्रामीण जनता को स्वस्थ पानी का व्यवस्था कराया करते हुए पानी का व्यवस्था कराया जाए। डीएव्ही स्कूल सूर्यविहार में संचालित विद्यालय कक्षा 10वीं के बाद में विज्ञान व गणित विषय को पढ़ाया जाए। डैम के चारों तरफ सड़क निर्माण हो, विस्थापित परिवार को भत्ता 12 हजार, 60 वर्ष पुरा करे चुके विस्थापित को 6000 महीना दिया जाए, रिलायंस के अंदर राखड़ डैम में जो मालवा डाला जा रहा है तत्काल उसमें रोक लगाई जाए, योग्यता के अनुसार बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराए जाए और नुकसान फसलों के भूमि का मुआवजा दिलाया जाय। इस दौरान जल सत्याग्रह में मुख्य रूप से सरपंच हर्रहवा राममिलन बैस, सुरेश शाह, महेंद्र शाह, विनोद शाह, विद्यासागर शाह, राघवेंद्र शाह, शीतल शाह, छत्रपति साकेत, रामरति शाह, लीलावती साकेत राम समेत अन्य शामिल हैं। आज भी कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन मान-मुन्नौवल कर बातचीत करता रहा, लेकिन परिणाम बेनतीजा रहा। ग्रामीण कंपनी एवं प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुये उक्त मांगो को पूरा कराने की जिद्द पर अड़े हैं।

### डिग्घी के माटीडांड में आप का जल सत्याग्रह आज



जिले के जनपद पंचायत बैढ़न की ग्राम पंचायत डिग्घी के राजस्व गांव माटीडांड में काचन नदी में प्रस्तावित जल सत्याग्रह को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रशासन को सूचना दी है। पार्टी के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद ने अनुविभागीय दंडाधिकारी सिंगरौली को पत्र सौंपकर कार्यक्रम स्थल पर सक्षम अधिकारी की नियुक्ति के साथ पर्याप्त पुलिस बल और एंबुलेंस की व्यवस्था कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि कल 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से काचन नदी में जल सत्याग्रह कार्यक्रम प्रस्तावित है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99